दिनांकः 02.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को बाल विवाहों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा–चेतावनी दी, बाल विवाह होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि होंगे जिम्मेदार।
- प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की शत–प्रतिशत उपलब्धता के लिए ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम किया जाएगा विकसित।
- अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नान्दसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर आज सुबह सात बजे से शुरू हुआ पुनर्मतदान।
- राज्य में अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए शुरू हुआ अभियान–खान विभाग ने 27 टीमें की गठित।

000

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से बाल विवाहों की रोकथाम को लेकर किये जा रहे प्रबंधों के संबंध में जवाब मांगा है। अदालत ने कहा है कि इस संबंध में पंच और सरपंचों को जागरुक किया जाए ताकि बाल विवाहों पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि बाल विवाह हुए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार माना जाएगा। कोर्ट ने कहा है कि आदेशों की प्रति मुख्य सचिव और सभी जिला कलेक्टरों को भेजी जाए, ताकि पंच और सरपंच सहित सभी प्रतिनिधि बाल विवाह रोकने में पूरी तरह जुटें। न्यायाधीश पंकज भंडारी और न्यायाधीश शुभा मेहता की खंडपीठ ने इस मामले में दायर जनहित याचिका पर ये आदेश दिये हैं।

इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आखातीज और पीपल पूर्णिमा पर अबूझ सावे के चलते संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन आवश्कय कदम उठा रहा है। जैसलमेर जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को पत्र भेजकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए निरोधात्मक कदम उठाने के आदेश जारी किये हैं। उन्होंने गांवों और कस्बों में पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। वहीं जोधपुर ग्रामीण जिले में बाल विवाह रोकने के संबंध में त्वरित कार्रवाई के लिए 24 घंटे कार्यरत नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। साथ ही ग्राम और तहसील स्तरीय समिति तथा सतर्कता दलों का गठन किया गया है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अलवर के जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुमार को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ब्यूरो ने जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की अलवर द्वितीय इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत मिली थी कि उसकी लाइसेंस शुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में ये राशि मांगी जा रही थी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रैप की कार्रवाई की गयी।

000

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की शत–प्रतिशत उपलब्धता के लिए ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कल सवाई मानसिंह अस्पताल में औषधि भंडार गृह और दवा वितरण केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की समुचित उपलब्धता, मांग और आपूर्ति के बेहतर प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग तथा समयबद्धता को लेकर गाइडलाइन तैयार की जा रही है, ताकि रोगियों को दवाओं की उपलब्धता में किसी तरह की बाधा नहीं आए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दवाओं के उपभोग पैटर्न का नियमित रूप से विश्लेषण करते हुए दवाओं की वास्तविक मांग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने गाइडलाइन के अनुसार भंडार गृह और सब स्टोर में दवाओं का बफर स्टॉक रखने को कहा। उन्होंने अवधिपार दवाओं का नियमानुसार डिस्पोजल करने के भी निर्देश दिए।

000

राजस्थान रोड़वेज के चालक और परिचालकों के स्वास्थ्य जांच के लिए कल से निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू किया गया है। रोडवेज की अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि सात दिन

तक चलने वाले इस शिविर में निगम के चालक और परिचालकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा। श्रीमती गुहा ने कल जयपुर जोन स्थित डीलक्स और जयपुर आगार के शिविरों के निरीक्षण किया। शिविर में चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच कर मौके पर दवाईयां दीं। जयपुर जोन में कुल 425 और बीकानेर जोन में 196 कार्मिकों सहित कुल 621 कार्मिकों ने कल अपनी जांच करवायी।

000

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नान्दसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर आज पुनर्मतदान हो रहा है। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नान्दसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर ये मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो गया है, जो शाम पांच बजे तक चलेगा। केकड़ी जिले में आने वाले इस मतदान केन्द्र पर 753 पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान की स्थिति का और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

-----------

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान इस बूथ पर 17 ए रजिस्टर गुम होने के कारण पुनर्मतदान का निर्णय लिया था।

000

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ये नामांकन इस साल 15 सितम्बर तक भरे जा सकेंगे। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ृतकेण्हवअण्पद पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। ये देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते हैं।

000

राज्य में शिक्षा का अधिकार–आरटीई के तहत निजी स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 मई कर दी गयी है। स्कूल शिक्षा परिषद् के परियोजना निदेशक और आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के गैर सरकारी विद्यालयों में प्री–प्राइमरी और पहली कक्षा में 25 प्रतिशत सीट्स पर प्रवेश के लिए आवेदन की तारीख बढाई गई है। उन्होंने बताया कि अब आरटीई की ऑनलाइन लॉटरी 13 मई को निकाली जाएगी।

000

राज्य सरकार ने अवैध बजरी खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए सघन चैकिंग और कार्रवाई अभियान शुरु किया है। खान विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि इसके लिए विभाग ने 27 टीमों का गठन किया है। श्री कलाल कल जयपुर में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बजरी के अवैध खनन को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही होमगार्ड कार्मिकों को भी टीमों में शामिल किया गया है। अभियान के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाते हुए स्थानीय स्तर पर पुलिस टीम का भी सहयोग लिया जाएगा। ये टीमें टोंक, देवली, केकड़ी, अजमेर, कोटा, बूंदी, झालावाड़, भीलवाड़ा, शाहपुरा, भीलवाड़ा, चित्तोड़गढ, जोधपुर, पाली, सोजत, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर और रुपवास में सघन जांच अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगी।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। हैदराबाद में खेला जाने वाला ये मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। राजस्थान की टीम ने इस आईपीएल श्रंखला में नौ में से आठ मैच जीते हैं। इसके साथ ही राजस्थान की टीम अंकतालिका में सबसे ऊपर बनी हुई है। वहीं हैदराबाद अपने नौ मैचों में पांच मैच जीतकर पांचवें स्थान पर है। इससे पहले कल चेन्नई में हुए एक अन्य मुकाबले में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया।

000